# रिपोर्ट : जीडीपी की जिलेवार रैंकिंग में लखनऊ दूसरे स्थान पर

■ अजित खरे

**लखनऊ।** जीडीपी की जिलेवार रैंकिंग के हिसाब से गोरखपुर व वाराणसी ने बेहतर काम कर दिखाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिलेवार तैयार की गई जीडीपी रैंकिंग में इस बार भी गौतमबुद्धनगर शीर्ष पर है तो राजधानी लखनऊ दूसरे स्थान पर और गाजियाबाद तीसरे स्थान पर है।

अपेक्षाकृत पिछड़े माने जाने वाले जिलों में महोबा, अमेठी, हमीरपुर श्रावस्ती व देवरिया ने कमाल कर दिखाया है। इनकी जीडीपी में सर्वाधिक उछाल आया है। माना जा रहा है कि इन जिलों में कारोबारी गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं व स्थानीय स्तर पर छोटे और नए उद्योग लगे हैं।

वारणसी का जीडीपी रैंकिंग में पिछला बार 17 वां स्थान था। अब इसमें सुधार हुआ और कई पायदान चढ़कर 11 नंबर पर पहुंच गया। गोरखपुर ने भी बेहतर किया और 11 वें से नवें स्थान पर आ गया। आगरा तीसरे स्थान से पांचवें स्थान पर आ गया। गाजियाबाद छठे से तीसरे पर आ गया। लखनऊ ने अपनी नंबर दो वाली स्थिति बरकरार रखी है। असल में यूपी सरकार ने वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने की मुहिम के लिए जिलेवार जीडीपी का आकलन करवाया है ताकि पता चले कौन सा जिला विभिन्न मानकों में किस जगह पर है। इसी लिए नियोजन विभाग ने वित्तीय वर्ष के लिए 2022-23 के जिलेवार जीडीपी रिपोर्ट तैयार की है।

## 01 नंबर पर है गौतमबुद्ध नगर तीसरा स्थान गाजियाबाद को



## क्या है जिला जीडीपी

जिला घरेलू उत्पाद किसी जिले में एक साल में उत्पादित सभी वस्तुओं व सेवाओं के मूल्य का योग होता है। जिला सकल घरेलू उत्पाद से उस जिले के आर्थिक परिदृश्य व निवेश प्रोत्साहनों का आकलन होता है। खेती, पशुधन, वानिकी एवं मत्स्यन, मैन्यूफैक्चरिंग, बिजली, गैस, जल आपूर्ति, स्वच्छता सेवाएं, सार्वजनिक व निजी क्षेत्र में निर्माण, कारोबार, होटल, जलपान गृह, परिवहन व अन्य सेवाएं शामिल हैं।

## अमेठी, श्रावस्ती ने किया कमाल

सभी 75 जिलों में अमेठी ने पिछली बार के मुकाबले इस बार जीडीपी में सर्वाधिक 13.3% की वृद्धि दर हासिल की है जबकि अमेठी की वृद्धि दर 13.2 व हमीरपुर की वृद्धि दर 13.0% है। इसके बाद श्रावस्ती व देवरिया की जीडीपी में वृद्धि दर क्रमश: 12.9 व 12.8% आई है। सर्वाधिक जीडीपी वाला गौतमबुद्धनगर 12.2% वृद्धि दर के साथ 10वें नंबर पर है जबकि लखनऊ की वृद्धि दर 10.8% है और स्थान 62वां है।

## शीर्ष जीडीपी वाले दस जिले (राशि करोड़ में)

| जिला | रुपये | यूपी में हिस्सेदारी |
|---|---|---|
| गौतमबुद्धनगर | 168718.95 | 7.47% |
| लखनऊ | 127190.09 | 5.63% |
| गाजियाबाद | 120288.26 | 5.33% |
| कानपुर | 74439.26 | 3.30% |
| आगरा | 71291.01 | 3.16% |
| प्रयागराज | 68727.11 | 3.04% |
| मेरठ | 57666.02 | 2.55% |
| बरेली | 53854.50 | 2.39% |
| गोरखपुर | 47169.76 | 2.09% |
| बुलंदशहर | 43899.75 | 1.99% |